नियत तिथि:– 08.08.2024

जनपद न्यायालय सीतापुर

नीलामी सूचना वास्ते मां ललिता देवी मंदिर नैमिषारण्य में निष्प्रयोज्य इलेक्ट्रिक एवं लोहे की वस्तुओं जनरेटर आदि

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मां ललिता देवी नैमिषारण्य मंदिर में रखे हुए पुराने निष्प्रयोज्य इलेक्ट्रिक एवं लोहे की वस्तुओं जनरेटर आदि की नीलामी जनपद न्यायालय सीतापुर के सभा कक्ष में दिनांक **08.08.2024** को अपरान्ह **4.30** बजे खुली बोली के आधार पर की जायेगी। नीलामी योग्य वस्तुओं को मंदिर के सहकर्मी श्री ओमकार दीक्षित से मां ललिता देवी मंदिर कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी दिवस में देखा जा सकता है। नीलामी बोली बोलने से पूर्व केता को 10,000/– (दस हजार रूपये) धरोहर धनराशि के रूप में जमा करना होगा तभी वह नीलामी बोली में भाग ले सकता है। बोलीकर्ता के हक में नीलामी स्वीकृत होने के उपरान्त 1/4 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि दूसरे दिन जमा करना अनिवार्य होगा। सबसे ऊंची बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार श्रीमान अध्यक्ष मां ललिता देवी मंदिर नैमिषारण्य/माननीय जनपद न्यायाधीश सीतापुर में निहित होगा। नीलामी से सम्बन्धित अन्य कर जो देय होंगें वह नीलामी केता को देय होंगें।

दिनांकः– 26.04.2024

रिसीवर,
मां ललिता देवी मंदिर नैमिषारण्य
अपर जिला जज कोर्ट सं0–14 (पाक्सो एक्ट)
जनपद न्यायालय सीतापुर।

संख्या समांक एवं तद्दिनांकित।

संख्या **दिनांकः– 26.04.2024**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. अध्यक्ष मां ललिता देवी मंदिर नैमिषारण्य/माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ।
2. प्रतिलिपि नोडल आफीसर कम्प्यूटर को सीतापुर की बेबसाइट पर सूचना हेतु प्रेषित।
3. प्रतिलिपि प्रभारी अधिकारी नजारत को नीलामी कार्यवाही की व्यवस्था कराये जाने तथा जरिये स्थानीय स्तर पर नीलामी नोटिस चस्पा कराये जाने सम्बन्ध में प्रेषित।
4. प्रतिलिपि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नैमिषारण्य को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नीलामी सूचना पालिका परिषद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
5. प्रतिलिपि जिला सूचना अधिकारी सीतापुर को किसी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराये जाने हेतु प्रेषित।

दिनांकः– 26.04.2024

रिसीवर ,
मां ललिता देवी मंदिर नैमिषारण्य
अपर जिला जज कोर्ट सं0–14 (पाक्सो एक्ट)
जनपद न्यायालय सीतापुर।